कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.04.2024

विषयः- दहेज प्रताड़ना व आई.टी. एक्ट के मामले में वांछित नामजद अभियुक्त प्रह्लाद गुप्ता थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0 0348/2023 धारा 498ए,323,504,506,509,313 भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट व 67 आई0टी0 एक्ट थाना चोलापुर से सम्बन्धित वाछिंत नामजद अभियुक्त प्रहलाद गुप्ता पुत्र स्व0 जगदीश गुप्ता निवासी आदित्य आटो स्पेयर गोसाईपुर मोहाँव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-017.04.2024 को समय 13.15 बजे अभियुक्त की दुकान आदित्य आटो स्पेयर गोसाईपुर मोहाँव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- आवेदिका श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी श्री प्रहलाद गुप्ता पुत्री श्री जगदीश गुप्ता निवासिनी आदित्य आटो स्पेयर मोहाँव चौराहा, थाना चोलापुर जनपद वाराणसी के द्वारा लिखित प्रा0पत्र दिया गया कि ससुरालजनों द्वारा दहेज की मांग करते हुये गाली गुप्ता देना, मारना पीटना तथा जान माल की धमकी देना व जान बूझकर जबरदस्ती वादिनी का गर्भपात करा दिया गया जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0 0347/2023 धारा 498ए/323/504/506/313 भा.द.वि. व ¾ डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना से अभियोग उपरोक्त में धारा 509 भा0द0वि0 व 67 आई0टी0 एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

प्रहलाद गुप्ता पुत्र स्व0 जगदीश गुप्ता निवासी आदित्य आटो स्पेयर मोहांव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 38 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- अभियुक्त की दुकान आदित्य आटो स्पेयर गोसाईपुर मोहाँव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, दिनांक 17.04.2024 समय 13.15 बजे।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0348/2023 धारा 498ए,323,504,506,509,313 भा.द.वि. व 3/4 डी0पी0 एक्ट व 67 आई0टी0 एक्ट थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0300/2022 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0042/2024 धारा 323,341,504,506 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- का0 अमित कुमार सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- का0 आदित्य कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- म0का0 वैशाली यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।